तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024

11 इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग को ...


12 संयुक्त आयुक्त ने सफाई कार्य की समीक्षा के लिए की बैठक


## शहर में आज

- लघुसचिवालय स्थित डीसी ऑफिस में समाधान शिविर
- भाजपा नेता कृष्ण मूर्ति हुड्डा करेंगे पत्रकार वार्ता
- आंबेडकर चौकर पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- लघुसचिवालय स्थित मांगों को लेकर लिपिकों का धरना जारी
- रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर सुबह 10 बजे बैठक

## खबर संक्षेप

### हिंदू स्टडीज में एडमिशन की प्रवेश परीक्षा 19 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एमए-हिन्दू स्टडीज पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा को री-शेड्यूल किया गया है। अब एमए-हिन्दू स्टडीज में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमए-हिन्दू स्टडीज पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 19 को दोपहर 12.30 बजे से 1.45 तक आयोजित की जाएगी।

### मदवि में 20 से होगी प्रयोगिक परीक्षा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड प्रथम वर्ष रेगुलर व री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 20 जुलाई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष रेगुलर व री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 20 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक आयोजित की जाएंगी।

### री-अपीयर परीक्षा का परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित एमए-इकोनॉमिक्स आनर्स पंचवर्षीय के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### महम में आज रक्तदान शिविर

**महम।** बाबा श्याम फाउंडेशन द्वारा बुधवार 17 जुलाई को सुबह 9 बजे कस्बा महम के भिवानी स्टैंड पर एक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ कांग्रेस नेता बलराम दांगी करेंगे। यह शिविर रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लगाया जाएगा।

### आज और कल होगी नकल केस की सुनवाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मई-जून 2024 में आयोजित बीए-एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम-दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के यूएमसी केसों की सुनवाई 17 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे तथा बीबीए-दूसरे, चौथे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के यूएमसी केसों की सुनवाई दोपहर 2.30 बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### खेड़ी महम के व्यक्ति के साथ 25 हजार की ठगी

**महम।** खेड़ी महम गांव के एक व्यक्ति के साथ 25 हजार रुपए का ऑन लाइन फ्रॉड होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में खेड़ी महम गांव निवासी विजय पुत्र श्री निवास ने बताया कि सर्व ग्रामीण बैंक में उसकी मां का खाता है। उस खाते से वह फोन पे व गुगल पे चलाता है। आई फोन खरीदने के लिए उसे इंस्टाग्राम पर लेन देन करना था। भवानी सिंह नाम के एक व्यक्ति ने पेमेंट डालने को कहा मैंने कई बार में पैसे डाल दिए।

## टूटे सीवर, गंदे पानी, गली निर्माण का नहीं हो पाया समाधान

# राजनीति का अखाड़ा बनी महावीर कॉलोनी

*कभी कांग्रेस विधायक देते हैं अल्टीमेटम तो कभी भाजपा नेता करते हैं पलटवार*

- कॉलोनी में राहड़ तालाब पर करीब 25 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन जल भराव निकासी परियोजना को जल्द ही लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा : ग्रोवर
- कॉलोनीवालों ने मुख्य गेट पर बोर्ड लगाकर किसी भी राजनीतिक दल को समर्थन नहीं देने का किया था ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित महावीर कॉलोनी काफी समय सुर्खियों में है। पहले चर्चा बरसात के दिनों में यहां जलभराव होने पर होती थी। अब कॉलोनी राजनीति का अखाड़ा बनने पर चर्चा में हैं। कॉलोनी निवासी पानी, सीवर और गली निर्माण की समस्या का समाधान न होने पर इतने हताश हुए कि उन्हें मुख्य गेट पर बोर्ड लगाना पड़ा कि वह किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करेंगे। कुछ दिन पहले ही जहां कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने प्रशासन को धरने का अल्टीमेटम दिया था वहीं मंगलवार को प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर विकास कार्यों निरीक्षण करने पहुंचे और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।




**रोहतक।** जल भराव निकासी परियोजना का निरीक्षण करते और लोगों की समस्याओं को सुनते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व अधिकारीगण।

### हुड्डा 10 साल सीएम रहे, बत्रा विधायक रहे काम भाजपा ने करवाया : मनीष ग्रोवर

महावीर कॉलोनी में राहड़ तालाब पर करीब 25 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन जल भराव निकासी परियोजना को जल्द ही लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा। महावीर कॉलोनी में जल भराव परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने अधिकारियों को कहा कि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा भूपेंद्र सिंह हुड्डा 10 साल मुख्यमंत्री रहे और भारत भूषण बत्रा विधायक रहे, लेकिन इस इलाके के हजारों लोगों की तकलीफ को दूर नहीं कर पाए। राज्य की भाजपा सरकार ने इस परियोजनाओं को मंजूर करके उन्हें ऐतिहासिक सौगात देने का काम किया है।

### 50 लाख लीटर पानी जाएगा ड्रेन में

लोगों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि इसकी क्षमता 50 लाख लीटर पानी की रहेगी। इसके निर्माण के बाद करीब आधा दर्जन कॉलोनी के हजारों लोगों को जल भराव से मुक्ति मिलेगी। मौके पर पहुंचे महावीर कॉलोनी के लोगों की समस्याओं को सुना। सीवर और निर्माणाधीन पाइप लाइन के बारे में फीडबैक लिया। मौजूद लोगों ने उनके समक्ष जो भी समस्याएं बताई, उन्होंने अधिकारियों को कहा कि लोगों की हर समस्या का समाधान साथ ही होना चाहिए।

### कॉलोनी प्रधान ने दिया था निमंत्रण

महावीर कॉलोनी वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि पूर्व मंत्री ग्रोवर के समक्ष इस समस्या को रखा था और उन्होंने मंगलवार शाम 5 बजे आने के लिए कहा था। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने हर गली की समस्या को अधिकारियों के समक्ष रखा है। उम्मीद है, जल्द ही निपटारा किया जाएगा। इस मौके पर पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

### 6 जुलाई को बत्रा ने दिया था धरने का अल्टीमेटम

जन स्वास्थ्य विभाग ने महावीर कॉलोनी से जसिया ड्रेन नम्बर आठ तक डिस्पोजल पाइप लाइन दबाई है ताकि इस एरिया का बरसाती पानी ड्रेन में डाला जा सके। इसकी वजह से गलियों और सड़क की खुदाई करवाई गई थी। जिसमें पीने के पानी की लाइन और सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान विगत शनिवार 6 जुलाई को महावीर कॉलोनी निवासियों से मिलने विधायक भारत भूषण बत्तरा पहुंचे। मौके पर मौजूद महावीर कॉलोनी वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान नरेंद्र भारद्वाज टिंकू, पूर्व पार्षद संजय सैनी की मौजूदगी में बत्रा ने कहा था कि प्रशासन ने समय रहते काम पूरा नहीं करवाया तो वह डीसी कार्यालय पर एक सप्ताह बाद धरना देंगे। इस दौरान एक सप्ताह होने पर अधिकारियों ने विधायक से बात कर बतायाकि काम चल रहा है इसलिए वह धरना स्थगित कर दें। इसके बाद विधायक बत्रा ने धरना नहीं दिया।

## विरोध जताते लिपिक




**रोहतक।** लघु सचिवालय परिसर के पास धरना देते हुए लिपिक।

## सरकार के खिलाफ लिपिकों का धरना दूसरे दिन भी जारी

- मांग के लिए चली साइकिल यात्रा कल रोहतक पहुंच जाएगी और उसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लिपिकों द्वारा हरियाणा सरकार के खिलाफ शुरू किया गया धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। लघु सचिवालय परिसर में दिए जा धरने के दौरान जिला प्रधान संदीप दांगी ने बताया लिपिक वर्ग की मांग के लिए चली हुई साइकिल यात्रा कल रोहतक पहुंच जाएगी और उसके बाद रोहतक का लिपिक वर्ग बीजेपी जिला अध्यक्ष को अपनी मांगों का ज्ञापन देकर साइकिल यात्रा के दौरान बाइक और स्कूटी से शहर में प्रदर्शन करते हुए गोहाना की तरफ प्रस्थान करेंगे। जिला सचिव सुनील राठी ने कहा कि मीटिंग 16 जुलाई के लिए तय हुयी थी लेकिन सरकार ने फिर मीटिंग को अगले दिन के लिए टाल दिया है जिससे प्रतीत होता है किसरकार लिपिकों की मांगो को लेकर गंभीर नहीं है। सरकार अभी भी लिपिक वर्ग की अनदेखी करती है तो लिपिक वर्ग अब और सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि न तो हड़ताल के दौरान के दिनों को ड्यूटी में शामिल किया जा रहा है और न ही उनका पे बढाया जा रहा है। इस मौके पर पीडब्लूडी से गुलाब दांगी, जगत नेहरा, सुनील वर्मा , सिंचाई विभाग से सतीश प्रधान, सचिन को ऑपरेटिव विभाग से, सुमित, नरेंदर, सचिन शर्मा , परवीन कुंडू, नगर निगम से हितेश, अरविंद फौजी , रविंद्र धनखड़ एचएसवीपी से दीपक, डीसी ऑफिस, खजाना विभाग समेत अन्य सभी विभागों से लिपिक वर्ग मौजूद रहा।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी से मोटरसाइकिल चोरी की एक वारदात का खुलासा हुआ है।



आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

एवीटी थाना प्रभारी सतीश ने बताया कि गांव कन्हेली रेलवे फाटक की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान भारत उर्फ़ डॉलर निवासी एकता कॉलोनी रोहतक के रुप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान आरोपी हथियार रखने का शौकीन है।



### पीजीआई में ऑनलाइन कार्यशाला में अच्छी चिकित्सकीय अभ्यास के बारे में बताया

**रोहतक।** संस्थागत नैतिक पीजीआईएमएस और स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में नैतिकता पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर अनीता सक्सेना ने किया और उन्होंने नैतिक दिशा निर्देशों के बारे में बताया। पीजीआईएमएस निदेशक डॉक्टर एस एस लोहचब ने दिशा निर्देशों के बारे में बताया। इस कार्यशाला में 5 सत्र आयोजित किए गए और इसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर रमेश वर्मा ने बताया कि पांच वक्ताओं ने अलग-अलग विषयों पर बात की। आईसीएमआर दिल्ली के वैज्ञानिक डॉक्टर आशु ग्रोवर ने अच्छी नैदानिक प्रथाओं पर व्याख्यान दिया उन्होंने शोध में अच्छी चिकित्सकीय अभ्यास के बारे में बताया। आईसीएमआर भुवनेश्वर के वैज्ञानिक डॉक्टर सिद्धार्थ गिरी ने नैतिकता समिति और नैतिकता समीक्षा प्रक्रियाओं की भूमिका और जिम्मेदारियां के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने नैदानिक अनुसंधान में सूचित सहमति पर भी बात की। सामुदायिक चिकित्सा विभाग पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉक्टर शंकर पिंजा ने चिकित्सक की अनुसंधान प्रकार और अध्ययन डिजाइन पर व्याख्यान दिया।

*गुरुग्राम से आगरा तक साइकिल यात्रा*

## 400 किमी साइकिल चला दिया पर्यावरण बचाने का संदेश : डॉ. पवन धींगड़ा

- मुथरा रिफानरी पर आरआर रेडी ने सभी राइडर्स का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दिल्ली रैंडोनीयर्स के तत्वावधान में गुरुग्राम से आगरा तक सात साइक्लिस्टों ने साइकिल चला कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सुनो नहरो की पुकार मिशन के महासचिव एवं साइक्लिस्ट मुकेश नैनकवाल ने बताया कि यह यात्रा गुरुग्राम से आरम्भ हुई और आगरा उत्तर प्रदेश तक पहुंची जो 27 घंटे में पूरी करनी थी।

इस दौरान इस राइड का जिम्मेदारी चिरो प्रियो मित्रा की रही। इसकी एक विशेषता यह रही कि इसमें सभी राईडर्स 45 वर्ष से अधिक आयु के थे। एक की आयु तो 80 वर्ष से भी ज्यादा थी। सभी ने इस राइड को समय रहते पूर्ण किया इस राइड में भारत वर्ष में सबसे अधिक एस आर टैग धारक डॉ पवन धींगड़ा भी शामिल रहे, जो कि पेशे से हड्डी रोग विशषज्ञ हैं और समाज का पिछले 2007 से पोलियो ग्रस्त बच्चो का इलाज व गरीब परिवार का भी पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। साथ है अभी तक 40 एस आर ( सुपर रैनडोनियर्स ) के टैग अपने नाम कर चुके हैं। इस राइड के दौरान कही काफी गर्मी का सामना करना पड़ा तो कही 45 किलोमीटर तक बरसात में भी साइकिल चलाई। मुथरा रिफानरी पर आरआर रेडी ने सभी राइडर्स का स्वागत किया। इस राइड के दौरान चिरो प्रियो मित्रा, पूनम मित्रा , डॉ पवन धींगड़ा, मोहद नीम अंसारी, संगीव रत्तन , जॉन ग्विते , राहुल यादव ,राम अनुरागी और मुकेश नैनकवाल आदि शामिल रहे।

### मदवि में रिक्त सीट के लिए 22 को काउंसलिंग

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 से प्रारंभ किए गए चार वर्षीय यूजी-लोक प्रशासन पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए 22 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि वे अभ्यर्थी जो इस पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में बैठे थे और एडमिशन नहीं प्राप्त कर सकें, वे इस फिजिकल काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की मेरिट के हिसाब से एडमिशन होंगे। फिजिकल काउंसलिंग लोक प्रशासन विभाग में प्रातः: 9 बजे से प्रारंभ होगी। इसके बाद भी सीटें खाली रहती हैं तो वे अभ्यर्थी जो प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे, वे एकेडमिक मेरिट के हिसाब से एडमिशन ले सकेंगे। पात्रता समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## मदविः आज कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होगी परीक्षाएं

- प्रवेश परीक्षा सुचारू, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने की सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय आज पीजी पाठ्यक्रमों- एमए-राजनीति विज्ञान, एमए इतिहास, एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय तथा एलएलएम पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा सुचारू, शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित की जा रही हैं। 17 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एमए-भूगोल, बीपीएड, एमपीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एमए-रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, एमए-अर्थशास्त्र, एम.लिब साइंस, एमए-फाइन आर्ट्स (ड्राइंग एंड पेंटिंग), एमए-एजुकेशन, एमए-म्यूजिक वोकल, एमए-म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार इत्यादि पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। अपराह्न 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक एमए-योग विज्ञान पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रो. तनेजा ने बताया कि 18 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एमए-हिन्दी, एम.फार्मेसी-इंडस्ट्रियल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, फार्माकोलोजी, फार्माकोग्नोसी, ड्रग रेगुलेटरी एफेयर्स की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एमसीए, एमएससी-कंप्यूटर साइंस, एमएससी-कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। 18 जुलाई को अपराह्न 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक एमए-अंग्रेजी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**सुनवाई** | समाधान शिविर में आई 64 शिकायतों के समाधान के निर्देश

*एक ही स्थान पर सभी विभागों की मौजूदगी से समस्याओं का समाधान हुआ आसान*

## समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का तुरंत हो रहा निपटानः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला स्तर के अलावा लोगों की समस्याओं का निपटान करने के लिए उपमंडल स्तर पर भी सभी एसडीएम के नेतृत्व में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन अपनी शिकायतें संबंधित एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर दे सकते हैं। सभी एसडीएम द्वारा इन शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाएगा। इसी कड़ी में आमजन की समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए जिला स्तर पर मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 64 शिकायतें पहुंची। उपायुक्त ने समस्याओं के निर्धारित समय में त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए तथा अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में शिकायतें लेकर आ रहे हैं, जिनमें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। मौके पर ही सभी विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। ज्यादातर मामलों में मौके पर ही समाधान प्रदान किए जा रहे हैं जबकि कुछ मामलों में, अधिकारियों ने शिकायतों का निपटारा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की है जिसमें समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए उपायुक्त अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

### शिकायत पर निगरानी रखने के लिए गठित की कमेटी

सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाधान शिविरों में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर निगरानी रखने के लिए एक कमेटी भी गठित की गई है ताकि सभी शिकायतों की अपडेट रखी जा सके और संबंधित अधिकारियों को ये शिकायत भेजी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समस्याओं के निदान के लिए तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें।

# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*

### ऐसा रहा प्रदर्शन

**एसबीआई कॉन्ट्रा फंड**

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़



### इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

### कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

- निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा
- क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया
- क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा
- सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।




### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

## लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोना का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

रिकॉर्ड
बिजनेस डेस्क

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

**जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है**

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर ब्रायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नजर आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेजी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी जरूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में गांव बढ़मलिक के पास सब्जी लेने जा रहे युवक को मोटरसाइकिल सवार ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। विनोद (35) पड़पड़ गंज सीतापुर हाल में बढ़मलिक फैक्टरी में नौकरी करता था। अपने दोस्त के साथ सब्जी लेने के लिए जा रहा था। औद्योगिक क्षेत्र के पास तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**सोनीपत।** संदिग्ध हालत में प्लॉट के अंदर नीम के पेड़ पर किशोर का शव लटका हुआ मिला। गांव मोहाना निवासी अमन ने बताया कि उसका भाई अरमान (16) घेवर बनाने का काम करता था। वह अपने दोस्त की शादी में गांव में आया हुआ था। सुबह प्लॉट में नीम के पेड़ पर उसका शव लटका हुआ मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### स्किट प्रतियोगिता में धनाना की टीम प्रथम

**गोहाना।** शिक्षा विभाग के कानूनी शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को गांव कथूरा के राजकीय विद्यालय में खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई गईं। स्किट प्रतियोगिता में गांव धनाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम प्रथम रही। टीम में छात्रा अंजलि, लक्ष्मी, रुसखार और अन्य छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। विजेता टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### सुप्रीम कोर्ट में 29 से स्पेशल लोक अदालत

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव मीनू ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार 29 जुलाई से शनिवार 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर में संपर्क कर सकती हैं।

### मानसरोवर पार्क से रोष प्रदर्शन करते हुए डीसी ऑफिस पहुंचे डॉक्टर

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे डॉक्टर्स

डीसी नहीं मिले तो नायब तहसीलदार को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पीए को भी ज्ञापन सौंपा, विधानसभा में आवाज उठाएं






**रोहतक।** मांगों के लिए प्रदर्शन करते इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के डॉक्टर्स। नायब तहसीलदार बंसीलाल को ज्ञापन देते डॉक्टर्स। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग को लेकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल (ईएचएमसी) हरियाणा ने मंगलवार को रोष प्रदर्शन किया। डॉक्टर्स ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए और राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग की। डॉक्टर सुबह शहर के मानसरोवर पार्क में इकट्ठा हुए और रणनीति बनाई।

■ प्रदेशभर में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के करीब 20000 डॉक्टर्स

इसके बाद रोष प्रदर्शन करते हुए डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे। डीसी के कार्यालय में नहीं मिलने पर डॉक्टर्स ने नायब तहसीलदार बंसीलाल को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग रखी। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टर्स पूर्व सीएम एवं नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के आवास पर भी पहुंचे और यहां उन्होने पूर्व सीएम के पीए को ज्ञापन सौंपकर कहा कि नेता विपक्ष हमारी मांग को विधानसभा में उठाएं और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलाने में सहयोग करें।

#### हरियाणा को दिक्कत क्यों

डॉ. खनगवाल ने कहा कि राजस्थान सरकार इलेक्ट्रो होम्योपैथी को वर्ष 2018 में ही मान्यता दे चुकी है। वहां डॉक्टर्स आराम से इस पद्धति से मरीजों का इलाज कर रहे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार बार-बार अनुरोध करने के बाद भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी मान्यता नहीं दे रही है। हरियाणा सरकार भी इसे मान्यता दे।

#### ईएचएमसी ने दी चेतावनी

ईएचएमसी ने मंगलवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि आज हमने एक जिले में ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग उठाई है। अब सरकार नहीं मानी तो पूरे प्रदेश में आवाज बुलंद करेंगे। हर जिले में रोष प्रदर्शन कर सभी जिलों में डीसी को ज्ञापन सौंपेगे। सभी हलकों में विधायकों को ज्ञापन देंगे। जो दल हमारा साथ देगा हम उसी को वोट देंगे। प्रदेशभर में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के करीब 20000 डॉक्टर्स हैं। वे जल्द इस विषय को लेकर प्रदेशभर के डॉक्टर्स की बैठक बुलाएं और आगे की रणनीति बनाएंगे। इसके बाद ही अगले कदम का ऐलान करेंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

#### इन्होंने प्रदर्शन में लिया बढ़चढ़ कर भाग

ईएचएमसी के चैयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल, वाइस चेयरमैन डॉ नारायण सिंह तेवतिया, कैशियर डॉ. विनोद तोबड़िया, एएएमसी चेयरमैन डॉ. महीपाल, डॉ. संदीप सैनी, डॉ ज्ञान चंद सैनी, डॉ. लालचंद, डॉ. पीके अरोड़ा, डॉ. रवि, डॉ. सतीश मलिक, डॉ. रोनी रमन, डॉ. ऊषा खनगवाल, डॉ. शिवानी, डॉ. श्वेता, डॉ. वेद पाल, डॉ संजू वर्मा, डॉ. रोहित, डॉ.शिवराज, डॉ जय राम, डॉ श्याम बियर तंवर, डॉ. रुस्तम सानी, डॉ. जगसीर गांधी, डॉ रणवीर, डॉ राजेश, डॉ.सतीश सिंह, डॉ. पवन जांगड़ा, डॉ. सुमन, डॉ. प्रीति, डॉ सुनीता, डॉ. राजा रानी, डॉ. संजय दहिया, डॉ. वंदना, डॉ. जयभगवान, डॉ अभिषेक, डॉ. विपिन और डॉ. वेदप्रकाश समेत प्रदेशभर के डॉक्टर्स ने रोष प्रदर्शन में भाग लिया।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जाट शिक्षा समिति रोहतक के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना। *फोटो : हरिभूमि*

## कर्मियों से रूबरू हुए जाट शिक्षा समिति के नव निर्वाचित प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

जाट कॉलेज ने देश को सभी क्षेत्रों के होनहार दिए हैं। इस कॉलेज की साख को हमें मिलकर और मजबूत करना होगा।

यहां के प्रत्येक कर्मचारी को विशेष जोश, जज्बे, ज्यादा सेवा भावना के साथ कार्य करने की आज जरूरत है। ये विचार जाट शिक्षा समिति रोहतक के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने व्यक्त किए। वे मंगलवार को गर्वनिंग बॉडी व कॉलेजियम सदस्यों के साथ जाट कॉलेज के कांफ्रेंस हाल में शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज व महासचिव नवदीप व कोषाध्यक्ष सुधीर हुड्डा का कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी व शिक्षकों ने स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

#### विद्यार्थियों की मदद के लिए तैयार रहें

कार्यक्रम में प्रधान दिमाना ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों व अभिभावकों का विश्वास हासिल करें और विद्यार्थियों के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटूराम, चौधरी मातूराम, चौधरी भीम सिंह दहिया व अनेक अन्य महापुरुषों ने संस्था के लिए जो सपना देखा था उसे सभी को मिलकर पूरा करने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश व प्रदेश को दिए हैं। इसलिए हमारी प्रबंध कार्यकारिणी का खेलों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने का विशेष प्रयास रहेगा। साथ ही खेल मैदानों को सुधारा जाएगा। उपप्रधान धर्मराज व महासचिव नवदीप (मोनू), कोषाध्यक्ष सुधीर हुड्डा, सुरेंद्र ढुल, जयकुमार नीटू और सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वामी नितानंद स्कूल में पौधरोपण कर बच्चों को पेड़ों के महत्व को समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधानाचार्या नीतिका मलिक, स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल और उपप्रधानाचार्य अमित कुमार ने पौधा लगाकर किया।

इस दौरान स्कूल के परिसर में छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। नीतिका मलिक ने बच्चों को पेड़ों का महत्व समझाया और कहा कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हमें प्रतिवर्ष पौधारोपण करना चाहिए। प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों को स्कूल में पौधारोपण और उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बताया जाता है।पौधारोपण अवसर पर स्कूल के परिसर में अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए।




इस अवसर पर बच्चों के साथ प्राधानाचार्या नीतिका मलिक, स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल, उपप्रधानाचार्य अमित कुमार और सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर एक हरे-भरे भविष्य के लिए योगदान दिया।

### सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। पुरस्कार के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्था 31 अगस्त तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

■ पुरस्कार की घोषणा 23 जनवरी को नेताजी की जयंती पर होगी: डीसी

उन्होंने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उपायुक्त ने बताया कि संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक, अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया, वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं।

## जजपा नेता हरज्ञान मोखरा ने किया सोलर पंप हाउस का लोकार्पण



**महम।** मोखरा में सोलर पंप हाऊस का लोकार्पण करते जेजेपी नेता हरज्ञान मोखरा। फोटो : हरिभूमि

**महम।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरज्ञान मोखरा ने सोलर पंप हाउस का लोकार्पण किया। यह पंप हाऊस बसाना, मोखरा खेड़ी व मोखरा खास के खेतों से सेम की समस्या को खत्म करेगा। इस कार्य के पूरा होने से मोखरा व बसाना गांव के किसानों में खुशी का माहौल है। क्योंकि उनकी यह कई वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके लिए किसानों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व जेजेपी नेता हरज्ञान मोखरा का आभार जताया है। हरज्ञान मोखरा ने बताया कि सैकड़ों एकड़ भूमि सेम के कारण खराब हो रही थी जो अब खेती करने के योग्य हो जाएगी। इस कार्य पर लगभग दो करोड़ दस लाख रुपए लागत आई है। हरज्ञान मोखरा ने दुष्यंत चौटाला को किसानों का सच्चा हितैषी बताया। मौके पर बलजीत, अनिल मलिक, राज सिंह, संजय शर्मा, धर्मपाल, लखी राम, शमशेर मलिक, महाबीर सिंह, सोमबीर सिंह, मोहन राजपूत व श्री भगवान समेत कई किसान मौजूद थे।

# करनाल में 29 को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ रोष-प्रदर्शन करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ सब यूनिट भालोट की मंगलवार को पावर हाउस भालौट में बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया की जो सरकार ने कच्चे कर्मचारियों का मजाक उड़ाने के लिए 8 प्रतिशत वेतन बढ़ोत्तरी की है ,यह कच्चे कर्मचारियों के साथ बड़ा मजाक किया है, भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री राहुल कुमार बलियाना ने बताया कि सरकार ने रोहतक के साथियों का वेतन 3 साल से नहीं बढ़ाया है, जो हमारे कच्चे कर्मचारियों 15 साल से नौकरी कर रहे हैं आज उनको समान काम समान वेतन मिलना चाहिए। सरकार अपने कर्मचारी विरोधी रवैये से सिर्फ भोली-भाली जनता को झूठा प्रचार करके गुमराह करने का काम कर रही है। सरकार के इस गलत नीति के खिलाफ 29 जुलाई को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) करनाल में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करेगा।



**रोहतक।** पावर हाउस भालौट में हुई बैठक में मौजूद कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### कर्मचारियों की मांग

कर्मचारियों की सरकार से मांग है की जब से हरियाणा कोशल रोजगार बना है सभी कर्मचारियों का वेतन 30% बढ़ाया जाए, कच्चे कर्मियों को नियमित करने के लिए विधानसभा में बिल पेस किया जाए। जो इस नियमित पॉलिसी में नहीं आ रहा उन सभी को समान अधिकार दिया जाए की उनको समान काम समान वेतन के लिए विस में बिल पास किया जाए। सरकार समान काम समान वेतन का बिल विधानसभा में लेकर आती हैं तो इससे स्पष्ट हो जाएगा की कर्मचारियों के साथ कितने मनोनीत एमएलए खड़े हैं। सीएम से निवेदन है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी 24 घंटे मौत के साथ रहते हैं, इनको रिस्क अलाउंस दिया जाए। मौके पर जिला कैशियर नरेंद्र और प्रेस सचिव सुरेश शर्मा व सब डिवीजन प्रधान सोमबीर राहुल राकेश प्रेम शर्मा, प्रदीप शर्मा आदि साथी मौजूद रहे।

### गांवों में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी दे रहीं भजन पार्टियां



**रोहतक।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा महानिदेशक मंदीप बराड़ के निर्देशानुसार व उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला में सरकार की उपलब्धियां व नीतियों के प्रचार के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान जिला के सभी गांवों और शहरों के वार्डों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में अब तक विभाग द्वारा कुल 49 गांवों में भजन पार्टियों ने सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार कर चुकी है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी ने बताया कि जिलाभर में विशेष प्रचार अभियान में विभागीय नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंच रही हैं। भजन पार्टी ने मंगलवार को ऋषिकेश, बाबूलाल एंड भजन पार्टी, मंगत एंड भजन पार्टी, रामचंद्र एंड भजन पार्टी तथा संजीत एंड भजन पार्टी के नेतृत्व में गांव भैणी चंद्रपाल, किलोई दोपाना, शेखपुर तितरी, मसूदपुर व निंदाना खास में पहुंचकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के बारे में जागरूक किया।

### डेंगू सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए बरतें सावधानी

रोहतक। उपायुक्त अजय कुमार ने नागरिकों को बरसात के मद्देनजर डेंगू सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव लिए सतर्कता व जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से जुलाई एंटी डेंगू माह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस माह के दौरान जिले के विद्यालयों सहित विभिन्न जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डेंगू की रोकथाम एवं गतिविधि में जन समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। डीसी ने बताया कि इस दौरान मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपाय के बारे में आम जनता को जागरूक किया जाएगा।



■ एंटी डेंगू माह के रूप में मनाया जा रहा जुलाई का महीना

### खोखरा कोट क्षेत्र में जल्द बनेगा पेयजल बूस्टर: डीसी

**रोहतक।** जिला उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने बताया कि स्थानीय खोखरा कोट व आसपास के क्षेत्र की कॉलोनी के लोगों के लिए खुशी की खबर है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने खोखरा कोट के प्रतिबंधित क्षेत्र में बूस्टर निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी है। विभाग ने इस बारे अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)जारी कर दिया है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि एनओसी मिलने के उपरांत अब जल्द ही बूस्टर निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जन हित के चलते नगर निगम ने बूस्टर निर्माण हेतु पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग से एनओसी देने का आग्रह किया था। विभाग ने जनहित के मद्देनजर एनओसी जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि खोखरा कोट क्षेत्र में बूस्टर का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों की पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान होगा। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि एनओसी न मिलने की वजह से पिछले 3-4 वर्षों से बूस्टर निर्माण की प्रक्रिया रुकी हुई थी। उन्होंने कहा कि एक वर्ष पहले पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एनओसी के लिए आग्रह किया गया था। इस बारे में नगर निगम को साइट बदलने के लिए कहा गया था। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि इसके बाद नगर निगम द्वारा संशोधित प्रस्ताव भेजा गया। जिला प्रशासन व नगर निगम के इन प्रयासों के चलते पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने जनहित को देखते हुए बूस्टर निर्माण के लिए एनओसी जारी कर दी है।

■ पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने जनहित में जारी की एनओसी

■ एनओसी न मिलने के कारण रुका हुआ था निर्माण कार्य

### रूबरू थियेटर ग्रुप दिल्ली के कलाकारों ने समाज की बुराइयों पर किए गहरे कटाक्ष

# राष्ट्रीय नाटक उत्सव के अंतिम दिन और एक सच का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स रोहतक द्वारा पठानिया वर्ल्ड केंपस, जेड ग्लोबल स्कूल के सहयोग और कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा वित्तपोषित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाटक उत्सव के पांचवें और अंतिम दिन रूबरू थियेटर ग्रुप दिल्ली के कलाकारों ने और एक सच नाटक का मंचन किया।

अज़ीज़ कुरेशी की परिकल्पना पर आधारित तथा काजल सूरी द्वारा निर्देशित नाटक और एक सच की कहानी जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है। आदमी और औरत की समस्याओं को दर्शाने वाले इस नाटक की कहानी एक मास्टरजी और नेताजी के वार्तालाप द्वारा बेटियों को बचाने का संदेश देती है। इसमें दिखाया गया कि हमारे समाज में कोई औरत शादी के बाद अगर जल्द मां नहीं बनती तो आज भी उसे ताने दिए जाते हैं। लोग पीर फ़क़ीर, बाबाओं के ढोंग के चक्कर में पड़ जाते हैं। उन्हें जागरूक करते हुए नाटक दिखाता है कि कैसे ढोंगी बाबा नाडे शाह अपने चेले नायब के साथ मिलकर गांव वालों को अपने चुंगल में फंसाता है। नाटक परिवार से तिरस्कृत और समाज से बहिष्कृत बुजुर्ग महिलाओं की जिजीविषा को भी दर्शाता है। नाटक में दो ऐसी बूढी औरतें हैं जिन्हें समाज ने छोड़ दिया है। ये दोनों एक साथ रहती हैं और आपस में लड़ती झगड़ती रहती हैं, लेकिन एक दूसरे के बिना रह भी नहीं सकती। इन दोनों की नोकझोंक नाटक को हास्य प्रधान बना देती है। झूठ और अंधविश्वास के प्रति जागरूक करता हुआ यह नाटक ज़िंदगी के मार्मिक पहलुओं को छूता है और दर्शकों को कभी गंभीर, तो कभी हास्य से गुदगुदाता है।



**रोहतक।** नाटक प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

नाटक में काजल सूरी, जसकिरन चोपड़ा, तनिषा गांधी, कृष बब्बर, हर्षित, शुभम शर्मा, प्रवीण, आशा खन्ना, नीरज तिवारी, गीता सेठी ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नाटक में मेकअप मुहम्मद राशिद का रहा। संगीत संचालन स्पर्श रॉय ने किया। लाइट्स नीरज ने संभाली, जबकि रुबरू थिएटर ग्रुप के प्रेसिडेंट समीर खान ने प्रोडक्शन का काम बखूबी संभाला। प्रोडक्शन मैनेजर रोहित कुमार रहे।

#### आज की प्रस्तुति में ये हुए शामिल

आज की प्रस्तुति में डॉ. संतोष मुदगिल, सर्वजीत अहलूवालिया, सुशीला देवी, विश्वदीपक त्रिखा, नलिनी, तरुणपुष्प, नरेंद्र शर्मा, अजय गर्ग, अंकुर सैनी, दिनेश सिंह, डॉक्टर प्रिया कौशिक, श्रीभगवान शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, पवन गहलौत, शीतल पहल, कर्नल सिंह, पंकज शर्मा, सिद्धार्थ सोसर्ग, सुभाष नगाड़ा, अविनाश सैनी, शक्ति सरोवर त्रिखा, चेरी गिरधर, मनीष खरे, जगदीप जुगनू, समीर शर्मा, हर्ष, गुरदयाल, विक्रमादित्य सहित अनेक नाटक प्रेमी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 12 जुलाई से जेड ग्लोबल स्कूल के सभागार में शुरू हुए पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाटक उत्सव के पहले दिन संकल्प रंगमंडल शिमला की टीम ने पॉपकॉर्न नाटक का मंचन किया। दूसरे दिन नट सम्राट दिल्ली द्वारा कमबख़्त इश्क, तीसरे दिन ड्रामाटर्जी दिल्ली की टीम द्वारा संध्या छाया और चौथे दिन सप्तक रोहतक के कलाकारों द्वारा नाटक सैंया भये कोतवाल का मंचन किया गया था।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ BAMS 2
❖ RMO 2
❖ COMPUTER OPERATOR 2
❖ CHEMIST SHOP STAFF 2
❖ PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

### गढ़ी-सापला-किलोई विस क्षेत्र से लोग रैली में पहुंचे

**सांपला।** बीजेपी के महेंद्रगढ़ में हुए ओबीसी सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नंदन के नतृत्व में गढ़ी सापला किलोई विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों लोग सम्मान सम्मेलन में पहुंचे। मंगलवार की सुबह ही गांव से लोगों को रैली में ले जाने के लिए गाड़ी पहुंच गई थी। कस्बे से नगर पालिका चेयरपर्सन पूजा इंदोरा के नेतृत्व में भी कार्य कर्ता रैली में पहुंचे। इस दौरान प्रधान बिजेंद्र नबरदार मंजीत, प्रधान राकेश, पवन, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक, राकेश कुमार आदि लोग शामिल थे।

### झंग कॉलोनी में गंदे पानी से परेशानी



**रोहतक।** झंग कॉलोनी ओर नागरिक मंच स्वास्थ्य ग्रुप के प्रतिनिधि मंडल ने समाधान शिविर में शिकायत दी। डॉक्टर जगमति सांगवान ने बताया कि झंग कॉलोनी में तो पीने का गन्दा पानी आ ही रहा है अन्य जगहों पर भी स्थिति ऐसी बनी हुई है। सीवर की सफाई समय पर नहीं हुई है। इससे बीमारियां फैल रही हैं। इलाज करवाने अस्पताल में जाएं तो वहां अल्ट्रासाउंड मशीन खराब पड़ी हैं, एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हैं, ब्लड बैंक तक के एसी खराब हैं। एंबुलेंस तक रास्ते में खराब हो जाती हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मुलाकात की गई। प्रतिनिधिमंडल में डॉक्टर रणबीर, शक्ति सिंह, शमशेर गिल, ओमप्रकाश कादयान, राजदुलारी, अमित गुलाटी आदि शामिल रहे। उपायुक्त ने 2 दिन में समाधान का आश्श्वासन दिया व कहा कि कारिंदे आपके पास पहुंच जाएंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो 19 को मजबूरी वश मंच को आक्रोश धरना आयोजित करना पड़ेगा।



### एआईडीएसओ ने छात्र हेल्प डेस्क लगाया

**रोहतक।** छात्र संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाईजेशन (एआईडीएसओ) ने पोस्ट ग्रेजुएट विषयों की प्रवेश परीक्षा के लगातार तीसरे दिन छात्रों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाया। छात्र नेता उमेश मौर्य ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में मदद की। छात्रों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए आम दिनों में यूनिवर्सिटी की इलेक्ट्रिक कैब चलती थी। लेकिन जब पूरे प्रदेश से आम छात्र व अभिभावक आते है तो कैब नहीं चला रहे है।

# 77 फीसदी कम मिला नहरी पानी, किसानों के लिए रोज बढ़ रही परेशानी

- दादूपर हेड पर पानी की डिमांड 15700 क्यूसिक की, मिला 3700 ही

**2 को पहुंचा था मानसून:** राज्य में मानसून को पहुंचे हुए अब पूरे दो सप्ताह बीत चुके हैं। लेकिन इस दौरान फसलों की जरूरत मुताबिक बरसात बिल्कुल भी नहीं हुई है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक मंगलवार 16 जुलाई तक राज्य में 49.9 % प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। बीते चौबीस घंटे में तो कहीं भी बरसात प्रदेश में नहीं हुई। आने वाले दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव आने के संकेत

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक 16 जुलाई मंगलवार सुबह आठ बजे तक राज्य में 49.9 % प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जिसकी वजह से यमुना में भी जलस्तर काफी कम है। यमुना बेल्ट के जिलों को आज की तारीख में दादूपुर हेड से 15700 क्यूसिक नहरी पानी की आवश्यकता है। जबकि 3700 क्यूसिक भी मिल रहा है। डिमांड से करीब 77 प्रतिशत कम आपूर्ति हो रही है। जिससे किसान बुरी तरह से प्रभावित हैं। उन किसानों की जान तो सांसत में फंस गई है, जिन्हें धान की रोपाई करनी है। यमुना में पानी की ज्यादा कमी, उसके कैचमेंट एरिया में बरसात न होना है। और जिन जिलों में सिंचाई के लिए यमुना का पानी प्रयोग किया जाता है, वहीं पर ही सबसे ज्यादा परेशानियां किसानों को हैं। रोहतक जिला यमुना के पानी से ही सिंचाई होती है।

प्रदेश में आमतौर पर मध्य मार्च में दिन का तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इतने तापमान में मौसम काफी सुहाना होता है। मंगलवार 16 जुलाई को दोपहर बाद तीन बजे रोहतक में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस था। लेकिन तपिश 43 डिग्री सेल्सियस की महसूस हो रही थी। जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त रहा। मौसम के लिहाज से बेहरम बने मंगलवार ने दिनभर लोगों को पसीने-पसीने किए रखा। आने वाले दिनों में ऐसे मौसम से राहत मिलना मुश्किल लग रहा है। क्योंकि भारी बरसात की उम्मीद राज्य में फिलहाल तक नहीं है। आईएमडी की तरफ से मंगलवार देर रात भी ऐसा कोई पूर्वानुमान जारी नहीं किया गया था, जिसमें समूचे हरियाणा में भारी बरसात कब होगी, इस बारे में बताया गया हो। हालांकि पिछले दिनों चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से जो पूर्वानुमान जारी किया गया था, उसके मुताबिक 20 जुलाई तक राज्य में अच्छी बरसात की उम्मीद नहीं है। अब तो आशंका ये भी बनने लगी है कि कहीं 20 जुलाई के बाद भी बारिश दगा न दे जाए। अगर ऐसा हो गया तो किसान का सब कुछ चौपट हो जाएगा। क्योंकि कम बरसात होने की वजह से खरीफ की जिन फसलों किसानों ने जैसे तैसे करके बिजाई की थी, वे अब पूरी तरह से कुंभला गई हैं। अगर अगले कुछेक दिनों में भी बारिश नहीं हुई तो फिर नुकसान का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाएगा।

### भालौठ ब्रांच में शेड्यूल मुताबिक पानी चल रहा



किसानों को जरूरत के मुताबिक पानी मिले,इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। यमुना में पानी का स्तर कम होने की वजह से हमें सिंचाई के लिए पूरा पानी नहीं मिल रहा है। इस समय भालौठ ब्रांच में शेड्यूल मुताबिक पानी चलाया जा रहा है। भिवानी और काहनौर ब्रांच नहर में तय समय के मुताबिक 25 जुलाई को पानी आ जाएगा।

-**दिनेश राठी,** अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग रोहतक परिमंडल

### 15700 क्यूसिक पानी की जरूरत



यमुना परियोजना से जिन जिलों में सिंचाई की जाती है, उसके लिए हमें 15700 क्यूसिक पानी की फिलहाल जरूरत है। लेकिन मिल रहा है मात्र 3700 क्यूसिक ही। ऐसे में नहरी पानी की दिक्कत होना स्वभाविक है। किसानों की समस्याओं को विभाग समझ रहा है। धान रोपाई में देरी हो रही है और हमारे पास नहरी पानी जरूरत के मुताबिक है नहीं।

-**बीएस नारा,** इंजिनियर इन चीफ सिंचाई विभाग मुख्यालय पंचकूला

### पेयजल संकट से परेशान महिलाएं जलघर पर प्रदर्शन करने पहुंची, दिया अल्टीमेटम



**महम।** महम शहर के नागरिक आजकल पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। एक सप्ताह बाद शहर के जलघर से पानी की आपूर्ति की जाती है। शहर में पानी को लेकर हा हाकार मचा हुआ है। पेयजल संकट के चलते शहर से काफी संख्या में महिलाएं शहर जलघर प्रथम के सामने प्रदर्शन करने पहुंची। सूचना पाकर वार्ड सात से पार्षद एवं नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर भी मौके पर पहुंचे। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं को समझा बुझाकर प्रदर्शन करने से रोक दिया और कहा कि पेयजल समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उसके बाद प्रदर्शन करने पहुंची महिलाओं ने प्रदर्शन करने का इरादा बदल लिया। एसडीओ सुरजीत मलिक व कनिष्ठ अभियंता विकास राठी ने कहा कि जलघर में नहरी पानी न पहुंचने की वजह से पानी की कमी बनी हुई है। विभाग द्वारा भरसक प्रयास किया जाएगा कि सबको समय पर पानी मिले। महिलाओं ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे जलघर के सामने धरना देने और प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगी। इस मौके पर वार्ड 3 से पार्षद पति मान बाल्मीकि, किरण, सुमन, प्रवीन कुमारी, शर्मिला, सरिता, मीना, अनिल कुमार, हुकम चंद, अजय बिडलान, दीपक, रिंकू व शेरू मौजूद थे।

# गांव खेड़ी साध के जलघर में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

## सुबह लोग घूमने गए तो जलघर में तैरता मिला शव, पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव खेड़ी साध स्थित पानी की डिग्गी में एक व्यक्ति का शव मिला। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुबह लोग घूमने गए तो जलघर के पानी में शव तैरता हुआ मिला। जांच के दौरान अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जिसके लिए पुलिस पूछताछ में जुटी है। इधर, मौत के स्पष्ट कारण भी नहीं हो पाए हैं कि वह खुद फिसलकर गिरा है या किसी अन्य कारण से। क्योंकि मृतक सभी कपड़े पहने हुए था। जिससे यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि वह फिसलकर भी गिर गया होगा। पुलिस के अनुसार शरीर पर चोट के निशान भी नहीं मिले, जिससे मौत होने की बात स्पष्ट हो सके।

आईएमटी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि गांव खेड़ी साध के जलघर में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इसलिए आसपास से पूछताछ के आधार पर पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मौत के कारण भी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। ताकि मौत के कारणों का पता लग सकेगा।



### खेतों में मिला शव, शराब पीने का था आदी



रोहतक। गांव नया बास से लोहारेहड़ी रोड पर ड्रेन के पास खेतों में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। सांपला थाना पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए पूछताछ की। पूछताछ के दौरान मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद निवासी करीब 27 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। जो रोहतक में रहता था और एक प्लाइवुड फेक्ट्री में काम करता था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि विनोद को करीब 3 दिन पहले ही फेक्ट्री से वेतन मिला था। वहीं विनोद शराब पीने का आदी भी था। इसलिए घर से भी बाहर रहता था। मंगलवार को उसकी मौत की सूचना परिवार वालों को मिली। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव नयाबास में ड्रेन के पास एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि मौत किस कारण हुई है। मृतक के साथियों से पूछताछ की तो पता चला कि मृतक विनोद शराब का आदी था। विनोद को अभी वेतन भी मिला था। इसके कारण यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि वह शराब के नशे में यहां गिरा रहा होगा। हालांकि मृतक विनोद के शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई के शवगृह में रखवाया गया है। जहां पर कागजी कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। ताकि यह पता लग सके कि मौत किस कारण से हुई है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल व जेल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जिला कारागार में बंदियों के लिए सुविधाएं संतोषजनक : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोनिया अग्रवाल ने जेल में बंद महिला कैदियों से बातचीत की। कैदियों द्वारा किए गए अपराधों और महिलाओं को जेल में मिलने वाले मौलिक अधिकारों की समीक्षा भी की।

उन्होंने महिला बंदियों की स्थिति के बारे में जेल अधिकारियों से बातचीत भी की। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी महिला को अपराधी नहीं, अपितु अपने घर की स्वामिनी बनना चाहिए। सोनिया अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने विचाराधीन तथा सजायाफ्ता दोनों श्रेणी की महिला कैदियों से बातचीत की है। उन्हें जेल के अंदर तमाम जरूरी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जेल के अंदर सिलाई, पुस्तकालय व बागवानी जैसी सुविधाएं हैं। जेल में उनके रहने व खाने की व्यवस्था भी संतोषजनक है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के लिए महिला आयोग के अलावा विभिन्न संस्थाएं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इस दौरान जेल अधीक्षक सत्यवान भी मौजूद थे।

## पत्रकारों ने सीएम से की पेंशन बढ़ोतरी की मांग



**रोहतक।** हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ने राज्य सरकार से उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा के पत्रकारों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ देने की मांग की है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा और मांग की कि जल्द से जल्द यूनियन की लंबित मांगों को पूरा किया जाए। यूनियन में मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में पत्रकारों को कैशलेस मेडिकल सुविधा देने तथा पत्रकार पेंशन में लगाई गई अनावश्यक शर्तों को हटाने की मांग की है। यूनियन ने कहा है कि शर्तों के अनुसार अगर पेंशनधारी पत्रकार पर कोई मामला दर्ज हो जाता है तो उसकी पेंशन बंद कर दी जाएगी। इसी प्रकार से अगर परिवार में दो पत्रकार है तो एक को पेंशन सुविधा मिलेगी। यूनियन ने ऐसी अनावश्यक शर्तों को हटाने की मांग की है और कहा है कि ऐसी शर्त हटाकर दोबारा से नोटिफिकेशन जारी किया जाए। पत्रकार पेंशन नियमों में ढील देकर निर्धारित आयु सीमा 60 वर्ष की बजाय 58 वर्ष की जाए। दैनिक समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों को भी मान्यता दी जाए। पत्रकारों की पेंशन 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने की मांग भी यूनियन ने की है। इस अवसर पर संरक्षक सोमनाथ शर्मा, कोषाध्यक्ष लोकेश जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला प्रधान मनोज वर्मा साथ रहे।

## सूर्य कवि बाजे भगत की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हरियाणा के प्रसिद्ध सूर्य कवि बाजे भगत की जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर एक विशाल रागनी कार्यक्रम आयोजित किया गया और सूर्य कवि बाजे भगत की स्मृति में कन्हेली से पहरावर रोड रोहतक में एक विशाल स्मारक की आधारशिला रखी गई। मुख्य अतिथि डॉ. सन्दीप ने स्मारक की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि सुरेश राणा कापसेहड़ा दिल्ली, देवेन्द्र मिलतिया जठेड़ी सोनीपत, रामकिशन सैन गुरुग्राम, प्रवीण कौशिक अध्यक्ष हरियाणा फलोर बाल संघ, राजेश आर्य निदेशक एसडी स्कूल रोहतक, रविन्द्र सरपंच सैंपल, कृष्ण चन्द्र रानीवाल विकासपुरी दिल्ली थे। इस मौके पर अवसर पर प्रदीप सैन मंडावर, सुरेश राणा, सतबीर चान्दोलिया, रणधीर सैन, जयसिंह मोखरा, उमैद सैन, सुनील मण्डावर, महेन्द्र राणा, श्रीपाल राणा, महेन्द्र आर्किटैक्ट आदि मौजूद रहे।



### मुफ्त नेत्र जांच शिविर में 84 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा : डॉ दिनेश शर्मा



**रोहतक।** गोकर्ण स्थित शहरी पोली क्लिनिक में स्वर्गीय भीम सिंह गिल की स्मृति में उनके सुपुत्र जगत सिंह गिल द्वारा मुफ्त नेत्रजांच एवं मुफ्त दवाई चश्मे वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 84 के करीब मरीजों की आंखो की जांच की गई। नेत्रजांच शिविर में मुख्यअतिथि समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ रहे। शिविर का शुभारंभ करते हुए अश्वनी वशिष्ठ ने बताया कि जगतसिंह गिल द्वारा अपने पूर्वजों की याद में आयोजित नेत्र जांच शिविर एवं मुफ्त दवाई वितरण उनको सही मायने में सच्ची श्रृद्धांजलि है, यह मानव सेवा का एक बड़ा कार्य है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक**
**ऑफिस नं.: 9253681019-20,**
**फोन : 9253681010, 9253681005**

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**मीटिंग** आमजन से कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए : संयुक्त आयुक्त

# संयुक्त आयुक्त ने सफाई कार्य की समीक्षा के लिए की बैठक

आमजन को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करने बारे प्रेरित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह ने शहर में चल रहे सफाई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने तकनीकी शाखा व सफाई शाखा के अधिकारियों की मीटिंग के दौरान सफाई अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हर वार्ड में सफाई अभियान चलाए जाएं। आमजन से कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा अधिकारी समय समय पर कार्य की निगरानी करेंगे। संयुक्त आयुक्त ने कहा सफाई व्यवस्था के कार्य के प्रति नगर निगम काफी गंभीर है और निगम निरंतर सफाई व्यवस्था के कार्य में और अधिक सुधार के लिए प्रयासरत है।

इस बारे में आयुक्त द्वारा भी पूर्व में ली गई बैठक के दौरान निर्देश दिए गए थे कि शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आज की बैठक का मुख्य उदेश्य शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना व शहर को साफ सुथरा शहर बनाने का था। बैठक के दौरान सफाई कार्य की गहन समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि रोहतक शहर में कहीं पर भी गंदगी के ढेर न लगे हो। प्रत्येक घर से कूड़ा उठान का कार्य होना चाहिए तथा आमजन को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करने बारे प्रेरित किया जाए। निगम की टीमों द्वारा गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग कर निगम की गाड़ी में डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा 31 अगस्त, 2024 तक सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ का विशेष अभियान भी सभी वार्डो में चलाया जाएगा। इस दौरान सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करवाने, नाला, जीटी सफाई करवाने जैसी गतिविधियां करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया निगम द्वारा नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा। निगम की टीमों द्वारा माता दरवाजा से जीन्द चौक, रैनकपुरा तथा गोहाना अड्डा से सलारा मौहल्ला पुलिस चौकी तक के नालो की सफाई करवाई गई।



#### यहां करें शिकायत

संयुक्त आयुक्त ने आमजन से अपील की कि वे गंदगी न फैलाएं, गोबर को नालियों/नालों/सीवर में न बहाये, कूड़े को खुले में न फेंके। सभी दुकान, संस्थान, रेहड़ी पर दो डस्टबीन गीले कूड़े व सूखे कूड़े के लिए अवश्य रखें। कूड़ा केवल नगर निगम की कूड़ा उठान वाली गाड़ी में ही डाले। यदि सफाई कार्य से सम्बन्धित कोई भी समस्या हो तो उसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय के कन्ट्रोल रूम के नं0 18001805007, 14420 व 8295900992 पर या स्वच्छ ऐप पर दर्ज करवाएं।

### पूर्व मंत्री ग्रोवर ने जन्मदिन पर लगाए पौधे



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने जन्म दिन के उपलक्ष में कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ मिलकर 2 हजार से अधिक पौधे लगाए। उनके जन्मदिन पर दो दर्जन से अधिक कार्यक्रम हुए और जगह-जगह केक काटकर उनकी लंबी आयु की कामना की गई। पूर्व मंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम समर्पित एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर एक पौधा मां के नाम समर्पित करते हुए जरूर लगाना चाहिए। इससे जहां देश और प्रदेश व रोहतक हरा-भरा बनेगा वहीं आने वाली पीढ़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा। इस मौके पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता, पार्षद, पूर्व पार्षद, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंतरजातीय विवाह शगुन योजना के तहत दी जाती है आर्थिक सहायता राशि : उपायुक्त

**रोहतक।** सरकार द्वारा अंतरजातीय सामाजिक समरसता अपनाने वाले युवा जोड़े को आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रार्थी हरियाणा सरकार की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा आमजन के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कल्याण विभाग द्वारा अंतरजातीय विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार देश में समानता का अधिकार देने और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना चला रही है, जो लोगों को सामाजिक सुरक्षा के साथ ही आर्थिक मदद भी देती है। इस योजना के तहत शादी के बाद नवविवाहित जोड़े को दो लाख 50 हजार की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। जिनमें से एक लाख 25 हजार रुपए नगद और एक लाख 25 हजार की एफडी यानी फिक्स्ड डिपॉजिट उनके नाम करवाई जाती है। यह राशि संयुक्त सावधी तीन वर्ष के लिए जमा होती है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विवाह के लिए आवेदन करने वाले जोड़े में लडक़ा या लडक़ी (जोकि अनुसूचित जाति के हो) को हरियाणा का स्थाई निवासी होना आवश्यक है।